# राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

**सादर प्रकाशनार्थ :-**

**जयपुर, 18 नवम्बर।** श्री राहुल गाँधी के नेतृत्व में कश्मीर से कन्याकुमारी तक 3500 से अधिक किलोमीटर लम्बी भारत जोड़ो यात्रा के राजस्थान चरण की तैयारियों को लेकर प्रदेश के प्रमुख कांग्रेसजनों की एक बैठक मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित हुई जिसमें मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत, प्रदेश के विधायकगण, विधायक प्रत्याशीगण, सांसद, सांसदगण प्रत्याशीगण, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, वर्तमान/निवर्तमान जिलाध्यक्षगण, निगम/बोर्डों के अध्यक्षगण, अग्रिम संगठनों के प्रदेशाध्यक्षगण सहित सभी प्रमुख कांग्रेसजन उपस्थित रहे। बैठक में भारत जोड़ो यात्रा के राजस्थान आगमन के पश्चात् प्रदेश में यात्रा को सफल बनाने हेतु तैयारियों एवं जिम्मेदारी प्रदान करने पर चर्चा की गई।

उक्त विचार राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुये व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा को लेकर सभी कांग्रेसजनों में उत्साह का माहौल है तथा जिस उद्देश्य के साथ श्री राहुल गाँधी यात्रा निकाल रहे हैं वह देश के लिये महत्वपूर्ण है क्योंकि आज देश में जिस प्रकार केन्द्र सरकार द्वारा परिस्थितियों का निर्माण किया गया है, भाई-भाई से लड़ रहा है, भय का माहौल बनाया जा रहा है, डरा-धमकाकर झूठे मुकद्में दर्ज किये जा रहे हैं, ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स जैसे संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग विपक्ष के नेताओं की आवाज दबाने तथा केन्द्र सरकार की गलत नीतियों से असहमति जताने वालों के विरूद्ध किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश की जनता को इस डर और भय से छुटकारा दिलाने, युवाओं को रोजगार मिले, मंहगाई से मुक्ति मिले इस हेतु श्री राहुल गाँधी द्वारा निकाली जा रही भारत जोड़ो यात्रा का स्वागत करने के लिये कांग्रेसजनों के साथ प्रदेश के आमजन आतुर है। उन्होंने कहा कि अभी जिन भी प्रदेशों से यात्रा निकली है, अपार जनसमूह यात्रा में उमड़ रहा है तथा श्री राहुल गाँधी प्रतिदिन 25 से 28 किलोमीटर मुस्कुराते हुये चल रहे हैं एवं उस प्रदेश की संस्कृति एवं समाज के विचारों को आत्मसात् कर रहे हैं।

श्री डोटासरा ने कहा कि दिनांक 03 से 06 दिसम्बर के मध्य भारत जोड़ो यात्रा राजस्थान में प्रवेश करेगी। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के राजस्थान चरण की व्यवस्थाओं

2..........

Created by Universal Document Converter

के लिये 31 सदस्यीय कमेटी बनाई गई है जिसमें प्रभारी महासचिव, मुख्यमंत्री, वे स्वयं तथा कांग्रेस कार्यसमिति/स्टीयरिंग कमेटी के सदस्यों को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि दिनांक 23 नवम्बर को उक्त कमेटी तथा अन्य व्यवस्थाओं हेतु गठित 15 कमेटियों के चेयरमेनों की एक महत्वपूर्ण बैठक ली जायेगी। उन्होंने कहा कि बैठक में भारत जोड़ो यात्रा से संबंधित सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा सभी जिला व ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों को परिपत्र देकर बैठक बुलाने के निर्देश दिये गये हैं तथा बैठक में भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने वाले कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ताओं की सूची तैयार कर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के माध्यम से भारत जोड़ो यात्रा में भाग लेने वाले प्रदेश यात्रियों का चयन किया जायेगा जो कि प्रदेश यात्री राजस्थान में निकलने वाली लगभग 521 किलोमीटर की यात्रा में शामिल रहेंगे। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा में समाज के सभी वर्गों के प्रतिनिधि जैसे वकील, डॉक्टर, सीए, किसान, छात्र शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि यात्रा के समय प्रदेश के सभी जिलों में प्रतीकात्मक यात्रायें निकलेंगी तथा सभी गांव-ढाणी, कस्बों में एलईडी के माध्यम से भारत जोड़ो यात्रा का सीधा प्रसारण दिखाया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी जिला स्तर पर कोर्डिनेशन कमेटियां बनाई जायेंगी तथा जिलाध्यक्ष अपने जिले के प्रमुख कांग्रेसजनों की बैठक लेकर भारत जोड़ो यात्रा में भाग लेने हेतु कार्यक्रम बनाकर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय को सूचित करेंगे।

उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा मध्यप्रदेश से झालावाड़ जिले के नेशनल हाईवे से राजस्थान में प्रवेश करेगी तथा कोटा, बूंदी, सवाईमाधोपुर, दौसा होते हुए अलवर के मालाखेड़ा पहुँचेंगी जहाँ पर श्री राहुल गाँधी की बड़ी सभा राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित की जायेगी। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के सायंकालीन सत्र के पश्चात् प्रतिदिन नुक्कड़ सभायें होंगी जिसमें 8 से 10 हजार लोग भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि दिनांक 25 नवम्बर को वे स्वयं भारत जोड़ो यात्रा के पूरे रूट पर झालावाड़ से लेकर हरियाणा बॉर्डर तक यात्रा करेंगे तथा यात्रा मार्ग में पड़ने वाले सभी जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों की तैयारियों का जायजा लेंगे। उन्होंने कहा कि राजस्थान में भारत जोड़ो यात्रा ऐतिहासिक होगी क्योंकि श्री राहुल गाँधी सत्ता एवं राजनीति से ऊपर उठकर देश के गरीब लोगों को ताकत देने एवं उनकी आवाज बनने के लिये तपस्या कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्री राहुल गाँधी को सुनने के लिये प्रदेश

3..........

Created by Universal Document Converter

की जनता बेसब्री से इंतजार कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा से भाजपा बौखला गई है क्योंकि भाजपा ने जो उनकी ईमेज खराब करने के लिये प्रयत्न किये थे वह निष्फल साबित हुये तथा श्री राहुल गाँधी की सच्चाई दुनिया के सामने आ गई है और जनता ने देखा कि ऐसा साहसी, धैर्यवान व परिश्रमी लोग संसार में विरले होते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा जो कि झूठ एवं कॉरपोरेटस् के धन के आधार पर सत्ता में आई थी, देश की जनता के समक्ष एक्सपोज हो गई है तथा जनता समझ गई है कि भाजपा सत्ता के लिये किसी भी हद तक जाकर कैसे भी हथकण्डे अपना सकती है। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से राजस्थान में कांग्रेस एक नया अध्याय लिखेगी तथा सभी कांग्रेसजन मिलकर वर्ष 2023 में प्रदेश में पुनः कांग्रेस की सरकार बनायेंगे एवं वर्ष 2024 में केन्द्र से मोदी सरकार को उखाड़ फेंकेगें।

**( स्वर्णिम चतुर्वेदी )**

प्रवक्ता

मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter